Press Release May 2025

Date: 31/05/25

**भाषा विश्वविद्यालय में "सेल्फी प्वाइंट" की स्थापना — छात्रों के लिए सौंदर्य और उत्साह का नया केंद्र**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा परिसर में एक सुंदर और आकर्षक "सेल्फी प्वाइंट" की स्थापना की गई है। यह पहल विश्वविद्यालय परिसर को सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध करने और विद्यार्थियों को एक आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन के साथ ही छात्रों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। यह स्थल अब विश्वविद्यालय जीवन की यादों को संजोने के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित हो गया है, जो विद्यार्थियों के आत्मिक जुड़ाव और गर्व का प्रतीक बन रहा है।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने कहा कि, "शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण भी उपलब्ध कराना चाहिए जो उनके आत्मविश्वास, सौंदर्यबोध और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करे।"

यह पहल विश्वविद्यालय की NAAC मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की तैयारियों के तहत भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिसर के सौंदर्यीकरण, छात्र केंद्रित सुविधाओं और समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर सक्रिय है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संकाय सदस्य एवं छात्र प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्र हितों को प्राथमिकता देने वाली सोच का प्रतिबिंब बताया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय आगामी समय में भी छात्र अनुभव को समृद्ध करने वाले कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

Date: 30/05/2025

**भाषा विश्वविद्यालय में "सेल्फी प्वाइंट" की स्थापना — छात्रों के लिए सौंदर्य और उत्साह का नया केंद्र**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा परिसर में एक सुंदर और आकर्षक "सेल्फी प्वाइंट" की स्थापना की गई है। यह पहल विश्वविद्यालय परिसर को सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध करने और विद्यार्थियों को एक आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन के साथ ही छात्रों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। यह स्थल अब विश्वविद्यालय जीवन की यादों को संजोने के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित हो गया है, जो विद्यार्थियों के आत्मिक जुड़ाव और गर्व का प्रतीक बन रहा है।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने कहा कि, "शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण भी उपलब्ध कराना चाहिए जो उनके आत्मविश्वास, सौंदर्यबोध और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करे।"

यह पहल विश्वविद्यालय की NAAC मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की तैयारियों के तहत भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिसर के सौंदर्यीकरण, छात्र केंद्रित सुविधाओं और समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर सक्रिय है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संकाय सदस्य एवं छात्र प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्र हितों को प्राथमिकता देने वाली सोच का प्रतिबिंब बताया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय आगामी समय में भी छात्र अनुभव को समृद्ध करने वाले कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

Date: 29/05/2025

भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया ग्रीन हाउस का निरीक्षण

लखनऊ, दिनांक 29 मई 2025 — ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय परिसर स्थित ग्रीन हाउस का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार तथा डॉ. नलिनी मिश्रा भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान कुलपति महोदय ने ग्रीन हाउस में पौधों की स्थिति, देखरेख की व्यवस्था और पौधों की विविधता का अवलोकन किया। ग्रीन हाउस से संबंधित कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि "हरित परिसर के निर्माण में इस ग्रीन हाउस की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां तैयार किए जा रहे छोटे पौधे पूरे विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं।"

प्रो. तनेजा ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है, बल्कि पर्यावरणीय चेतना और हरित पहल की दिशा में भी प्रयासरत है। उन्होंने ग्रीन हाउस प्रभारी एवं संबंधित कर्मचारियों को पौधों की देखरेख में और अधिक सतर्कता बरतने तथा विविध प्रजातियों के पौधों को तैयार करने के निर्देश दिए।

यह निरीक्षण विश्वविद्यालय के पर्यावरण-अनुकूल पहल का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

Date: 27/05/25

‘अवधी आँगन: कला का घराना’ — भाषा विश्वविद्यालय में अवध की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कला दीर्घा

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्थापित ‘अवधी आँगन: कला का घराना’ एक विशिष्ट कला दीर्घा है, जो अवध क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, लोक कलाओं और दरबारी विरासत को संजोए हुए है। यह कला दीर्घा विश्वविद्यालय के अकादमिक और सांस्कृतिक वातावरण को नई दिशा देती है, जहाँ शिक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक चेतना को भी समान महत्व प्रदान किया जाता है।

इस आर्ट गैलरी का उद्देश्य अवध की पारंपरिक कलाओं—जैसे ज़री-ज़रदोज़ी, चिकनकारी, टेराकोटा, पारंपरिक वाद्य यंत्र, वस्त्र एवं आभूषण—को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक उन्हें पहुँचाना है। इसके साथ ही यह गैलरी एक अध्ययन और शोध का केंद्र भी बनकर उभर रही है, जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कलाप्रेमियों को क्षेत्रीय सांस्कृतिक अध्ययन की प्रेरणा देती है।

माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में विश्वविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों में यह कला दीर्घा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। साथ ही उन्होंने

डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, नोडल अधिकारी, के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि कला दीर्घा क्षेत्रीय संस्कृति की सजग अध्येता एवं संवाहक है। डॉ चौधरी ने बताया की ‘अवधी आँगन’ न केवल एक प्रदर्शन स्थल है, बल्कि एक ‘संवाद-स्थल’ भी है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु स्थापित होता है।

‘अवधी आँगन: कला का घराना’ विश्वविद्यालय की उस सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो शिक्षा को जीवन और समाज की व्यापक परंपराओं से जोड़ने में विश्वास रखती है। यह दीर्घा निःसंदेह अवध की आत्मा को संरक्षित करने वाला एक सशक्त माध्यम है।

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक सूर्यनमस्कार अभ्यास का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्यनमस्कार अभ्यास पर केंद्रित एक विशेष सत्र का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व एवं माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय के बीच समग्र स्वास्थ्य, ऊर्जा, एकाग्रता, कल्याण और सजगता को बढ़ावा देना था। इस विशेष सत्र का संयोजन डॉ. नलिनी मिश्रा (एनएसएस समन्वयक) एवं श्री मोहम्मद शारिक (विषय प्रभारी: शारीरिक शिक्षा) द्वारा अत्यंत सूझ-बूझ एवं उत्साह के साथ किया गया।

शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. हसन मेहदी द्वारा सूर्यनमस्कार का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को प्रत्येक योग मुद्रा का अभ्यास सटीकता एवं स्पष्टता के साथ करवाया। उन्होंने इस प्राचीन योग पद्धति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला।

इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, रोवर्स/रेंजर्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों ने इस योग सत्र की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक बताया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी ने दैनिक जीवन में योग के नियमित अभ्यास के महत्व को रेखांकित किया और विश्वविद्यालय समुदाय से इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।

यह आयोजन विश्वविद्यालय की वैश्विक स्वास्थ्य एवं सजगता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और योग के माध्यम से एक स्वस्थ, संतुलित एवं जागरूक जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

Date: 26/05/2025

**KMCLU की NCC एलुमनी 'रुचि' को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान, बनी प्रेरणा का प्रतीक**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ (KMCLU) की प्रथम NCC बैच की पूर्व कैडेट 'रुचि' ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में उन्हें राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) निदेशालय, लखनऊ में देश के दूसरे और उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी, अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रम कुमार द्वारा NCC प्रशिक्षण, उत्कृष्ट लेखन और नेतृत्व कौशल के लिए विशेष मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान NCC में अनुकरणीय प्रदर्शन और व्यक्तित्व विकास में NCC की भूमिका को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया। साथ ही, 20 उत्तर प्रदेश बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी द्वारा भी उन्हें NCC और लेखन में उत्कृष्ट योगदान के लिए बटालियन स्तर पर सम्मानित किया गया। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली रुचि ने अपने शैक्षिक जीवन में आने वाली अनेक सामाजिक व आर्थिक बाधाओं को पार करते हुए सशक्त व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास किया है। NCC प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और चुनौतियों से जूझने की क्षमता को नया आयाम दिया। इसी योगदान के लिए उन्हें 'दुर्गा फाउंडेशन, दिल्ली' द्वारा 'दुर्गा अवॉर्ड' तथा 'BTSS संस्था' द्वारा 'दृष्टि योद्धा अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है। हाल ही में आयोजित NCC Alumni Meet के अवसर पर रुचि ने विश्वविद्यालय में पुनः आगमन किया, जहाँ उनका सादर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने  माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा से शिष्टाचार भेंट की और अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने अपने NCC सफर की प्रेरणास्रोत, विश्वविद्यालय की ANO लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा से भी भेंट की और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। KMCLU परिवार को गर्व है कि उसकी प्रथम NCC बैच की कैडेट आज राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कर रही हैं। रुचि जैसे पूर्व कैडेट भावी पीढ़ी के छात्रों और कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

Date: 25/05/25

**कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय के हाइब्रिड हॉल में पूर्व छात्रों से की मुलाक़ात, NAAC टीम के आगमन की दी जानकारी**

Alumni को दिया chishtian नाम

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आज एक विशेष आयोजन के तहत कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय के हाइब्रिड हॉल में पूर्व छात्रों (Alumni) से आत्मीय मुलाक़ात की। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि शीघ्र ही राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की टीम विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने आने वाली है। इस दौरान टीम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से भी संवाद करेगी।

कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे और छात्र-कल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने पूर्व छात्रों से अनुरोध किया कि वे विश्वविद्यालय के साथ अपने जुड़ाव को और सशक्त करें तथा NAAC टीम के समक्ष अपने सकारात्मक अनुभव साझा करें।साथ ही उन्होंने पूर्व छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें chishtian नाम से नवाज़ा, और कहा की एल्यूमनी अब इस नाम से ही जाने जाएँगे।

मुलाक़ात के दौरान उपस्थित छात्रों ने कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा किए जा रहे कार्यों की भरपूर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। छात्रों ने यह विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय को आगामी NAAC मूल्यांकन में निश्चित रूप से उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में प्रो. सौबान सईद, प्रो. एहतेशाम प्रो. तनवीर खदीजा, डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, डॉ रज़ा हैदरी, डॉ तसलीम सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ शिक्षक एवं अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**Date: 24/05/25**

**भाषा विश्वविद्यालय: मूल्यांकन की तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे महामहिम राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज NAAC (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल) मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से महामहिम राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. जानी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं तथा प्रशासनिक इकाइयों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कुलपति प्रो. अजय तनेजा और उनकी टीम द्वारा की गई व्यवस्थागत तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने NAAC मूल्यांकन के प्रति गंभीरता, प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचय दिया है।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा, "यहाँ आकर मुझे अनेक सकारात्मक परिवर्तन दिखे, जिससे मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है।" उन्होंने गणेश शंकर विद्यार्थी भवन के सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण की भी प्रशंसा की।

डॉ. जानी ने कुलपति प्रो. तनेजा और उनकी टीम को अंतिम चरण की तैयारियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु रचनात्मक सुझाव भी प्रदान किए। इसके साथ ही, उन्होंने कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की भी सराहना की तथा बीएमआई कैंप में उपस्थित होकर बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया।

NAAC टीम के आगमन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा एवं व्यवस्थापन के विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

यह दौरा विश्वविद्यालय परिवार के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत रहा, बल्कि आगामी NAAC मूल्यांकन के लिए नई ऊर्जा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का संचार भी किया।

**Date: 24/05/25**

**भाषा विश्वविद्यालय: मूल्यांकन की तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे महामहिम राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज NAAC (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल) मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से महामहिम राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. जानी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं तथा प्रशासनिक इकाइयों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कुलपति प्रो. अजय तनेजा और उनकी टीम द्वारा की गई व्यवस्थागत तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने NAAC मूल्यांकन के प्रति गंभीरता, प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचय दिया है।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा, "यहाँ आकर मुझे अनेक सकारात्मक परिवर्तन दिखे, जिससे मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है।" उन्होंने गणेश शंकर विद्यार्थी भवन के सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण की भी प्रशंसा की।

डॉ. जानी ने कुलपति प्रो. तनेजा और उनकी टीम को अंतिम चरण की तैयारियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु रचनात्मक सुझाव भी प्रदान किए। इसके साथ ही, उन्होंने कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की भी सराहना की तथा बीएमआई कैंप में उपस्थित होकर बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया।

NAAC टीम के आगमन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा एवं व्यवस्थापन के विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

यह दौरा विश्वविद्यालय परिवार के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत रहा, बल्कि आगामी NAAC मूल्यांकन के लिए नई ऊर्जा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का संचार भी किया।

Date: 23/05/25

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के प्रोफेशनल कोर्सेस को AICTE से मिली मान्यता**

**बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए और एमसीए कोर्सेस को स्वीकृति**

भाषा विश्वविद्यालय के लिए यह एक गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया है। इन कोर्सेस में B.Tech (कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, सिविल, बायोटेक्नोलॉजी, AI & Data Science, AI & ML), BBA, BCA, MBA और MCA शामिल हैं।

विशेष बात यह है कि भाषा विश्वविद्यालय ने AICTE के मॉडल पाठ्यक्रम को न केवल अपनाया है बल्कि BBA कोर्स के लिए पूर्ण रूप से उसे लागू करने वाला का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और भविष्यदृष्टि का परिचायक है।

विश्वविद्यालय के इस शैक्षणिक उत्थान में AICTE नोडल अधिकारी प्रो. सैयद हैदर अली एवं डॉ. असग़र रिज़वी का विशेष योगदान रहा है, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह कार्य संभव हो पाया है।

विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर माननीय कुलगुरु प्रो० अजय तनेजा ने कहा की मान्यता और मॉडल पाठ्यक्रम की स्वीकार्यता से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिलेगी, जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को न केवल प्रदेश में बल्कि देशभर में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा ने पूर्व छात्रों से की मुलाक़ात, विश्वविद्यालय की प्रगति में सहयोग का आह्वान किया.

लखनऊ, दिनांक 23/05/2025:

**भाषा विश्वविद्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रोफ़ेसर अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (alumni) से मुलाक़ात की। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया।**

प्रोफ़ेसर तनेजा ने इस अवसर पर कहा, "पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की पहचान होते हैं। उनकी सफलता विश्वविद्यालय की सफलता का परिचायक है। विश्वविद्यालय उनके साथ जुड़कर न केवल गौरवान्वित होता है बल्कि भविष्य में उनकी प्रतिभा और अनुभव से विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है।"

उन्होंने पूर्व छात्रों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय उनके साथ हर प्रकार का सहयोग करता रहेगा और उनसे निरंतर संवाद बनाये रखेगा।

इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रोफ़ेसर तनवीर ख़दीजा एवं डॉ. रुचिता सुजय चौधरी भी उपस्थित रहीं.

Date: 21/05/25

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में योग उत्सव का आयोजन**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दिनांक 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शारीरिक शिक्षा विभाग, एन.एस.एस. तथा स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में, उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन तथा कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में विश्वविद्यालय के योग केन्द्र में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास सत्र से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समूह में ताड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

इस योग सत्र का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक श्री मोहम्मद शारिक एवं डॉ. हसन मेहदी द्वारा किया गया। एन.एस.एस. समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया और योग को स्वस्थ जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

**भाषा विश्वविद्यालय में 'प्रोफेशनल कम्युनिकेशन' कार्यशाला का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी एवं एम.ई.ए.एल. विभाग द्वारा 'प्रोफेशनल कम्युनिकेशन' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अंग्रेज़ी भाषा प्रयोगशाला में किया गया। कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. तनवीर खदीजा द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना था, जिसमें अंग्रेज़ी बोलने, ईमेल लेखन तथा साक्षात्कार की तैयारी जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस अवसर पर विभाग की फैकल्टी सदस्य डॉ. शिप्रा सिंह, सुश्री शिखा सिंह, सुश्री मानसी बॉस तथा सुश्री खालिदा ज़िया भी उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में 'भाषा-लर्निया' (Globus) सॉफ्टवेयर की सहायता से उच्चारण अभ्यास और समूह चर्चा जैसे इंटरैक्टिव अभ्यास शामिल किए गए।

प्रो. खदीजा ने माननीय कुलगुरु प्रो० अजय कुमार तनेजा जी का धन्यवाद देते हुए कहा कि यावसायिक जीवन में सशक्त संवाद कौशल के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि 'भाषा-लर्निया' जैसे तकनीकी उपकरणों की मदद से भाषा सीखना अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बन जाता है।

Date: 20/05/25

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सत्रांत परीक्षा का दूसरा दिन संपन्न, कुल 1,823 छात्र-छात्राएं हुए उपस्थित**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में सम सत्र की सत्रांत परीक्षा का दूसरा दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय में परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 1,823 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रथम पाली में कुल 1,263 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 768 छात्र और 495 छात्राएं थीं। इस पाली में कुल 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में 408 छात्र और 152 छात्राओं सहित कुल 560 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 4 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व नियोजित ढंग से की गई थी। शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में परीक्षा संचालित हुई।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया, ‘‘सत्रांत परीक्षा की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।परीक्षा केंद्र पर निगरानी व्यवस्था कड़ी है और विद्यार्थियों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। अब तक की सभी पालियाँ बिना किसी अव्यवस्था के संपन्न हुई हैं।’’

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**भाषा विश्वविद्यालय में ओपन जिम की शुरुआत, कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की सराहना**

लखनऊ, दिनांक 20/05/2025 — ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अब औपचारिक रूप से ओपन जिम की शुरुआत हो चुकी है। इस नवाचारपूर्ण पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में एक खुला व्यायाम स्थल स्थापित किया गया है, जहाँ छात्र-छात्राएँ प्रातःकाल से ही नियमित रूप से योग, व्यायाम और फिटनेस गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने जिम स्थल का निरीक्षण करते हुए छात्रों की भागीदारी और उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। यह ओपन जिम न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।"

कुलपति प्रो. अजय तनेजा के दूरदर्शी नेतृत्व, सक्रिय प्रयासों और प्रेरणा से ही यह ओपन जिम परियोजना साकार हो पाई है। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य व कल्याण को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण सुविधा की स्थापना की है।

इस ओपन जिम की शुरुआत से विश्वविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति सकारात्मक वातावरण बन रहा है। इस मौके पर माननीय कुलपति प्रो अजय तनेजा के साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ महेश कुमार भी मौजूद रहे।

Date: 19/05/25

**भाषा विश्वविद्यालय में सुचारु रूप से संपन्न हुई परीक्षा, कुल 1350 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रो. एहतेशाम की देखरेख में संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया अनुशासित, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की गई।

प्रथम पाली में कुल 956 परीक्षार्थियों में से 950 उपस्थित रहे, जबकि 6 अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में 404 में से 400 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 4 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 1350 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलतापूर्वक परीक्षा दी।

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित साधन (UFM) की कोई घटना नहीं घटी, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और अनुशासन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा सहायता समिति (ASC) के सदस्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. वासी अज़म अंसारी एवं डॉ. सुमन मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल समन्वय एवं सतर्कता से परीक्षा की प्रक्रिया सुसंगठित रही।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने कहा, "कुलपति प्रो. अजय कुमार तनेजा के पांत्रत्व और मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक परीक्षा निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।"

उन्होंने सभी विभागों, संकायों एवं तकनीकी सहयोगियों के समर्थन और टीम भावना की सराहना की, जिससे परीक्षा संचालन सफल रहा.

**माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने भाषा विश्वविद्यालय की हर्बल वाटिका का किया निरीक्षण**

ख्वाजा We मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक(NAAC) की तैयारियों को सुदृढ़ करने एवं हरित परिसर की दिशा में एक सार्थक पहल के तहत विकसित की गई हर्बल वाटिका का आज माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार भी उनके साथ उपस्थित रहे।

हर्बल वाटिका में लौकी, तुरई, भिंडी, चौलाई जैसी पोषक सब्जियों के साथ-साथ काली मिर्च, एलोवेरा, हल्दी, अदरक, तुलसी एवं पत्थरचट्टा जैसे औषधीय पौधों का रोपण किया गया है। इस संपूर्ण कार्य का सफल निर्देशन विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी (हॉर्टिकल्चर) डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया।

कुलपति महोदय ने वाटिका के रख-रखाव और पौधों के वैज्ञानिक चयन की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के सतत विकास और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल विश्वविद्यालय परिसर को हरित और स्वच्छ बनाती है, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए भी एक उपयोगी शैक्षणिक संसाधन के रूप में कार्य करती है।

माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। पर्यावरण संरक्षण एवं गुणवत्ता उन्नयन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में उनका मार्गदर्शन प्रेरणादायक है। उन्होंने हर्बल वाटिका को और अधिक समृद्ध और व्यवस्थित स्वरूप देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

Date: 18/05/25

**English Press Release**

**Press Release**

**BMI Camp Organized at Language University under the Theme "Yoga for One Earth, One Health"**

Lucknow – A month-long Yoga Mahotsav was inaugurated at Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow under the theme of International Yoga Day 2024 – "Yoga for One Earth, One Health." The initiative is being conducted under the guidance of the University's Chancellor and Hon'ble Governor of Uttar Pradesh, Smt. Anandiben Patel. The inaugural ceremony was formally opened by Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja.

As part of the first phase of the Mahotsav, the Department of Home Science organized a BMI Camp and Guidance Session for university officials, staff, workers, and students. During the session, participants' Body Mass I…

**भाषा विश्वविद्यालय में 19 मई से सेमेस्टर परीक्षाओं का शुभारंभ**

**4304 विद्यार्थियों ने भरे परीक्षा प्रपत्र | परीक्षा दो पालियों में आयोजित | उड़न दस्ता गठित**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिनांक 19 मई 2025 से सत्र 2024–25 की सम सेमेस्टर परीक्षाएं आरंभ हो रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा परीक्षाओं के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने जानकारी दी कि इस सत्र में कुल 4300 विद्यार्थियों ने परीक्षा प्रपत्र भरे हैं। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जा रहा है, जिसमें प्रातः पाली में 968 विद्यार्थी तथा सांयकालीन पाली में 483 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा में पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय ने एक “उड़न दस्ता” (Flying Squad) का गठन भी किया है, जो परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर अनुचित साधनों की रोकथाम सुनिश्चित करेगा। उड़न दस्ते में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के वरिष्ठ शिक्षकों को नामित किया गया है:

प्रथम पाली के लिए नामित उड़न दस्ता सदस्यगण:

डॉ. नीरज शुक्ल, कुलानुशासक

डॉ. अताउर रहमान आज़मी, उप कुलानुशासक

डॉ. मनीष कुमार, सहायक कुलानुशासक

डॉ. शान ए फातिमा, सहायक आचार्य, कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग

डॉ. राजकुमार सिंह, सहायक आचार्य अर्घ्यशास्त्र, इतिहास विभाग

द्वितीय पाली के लिए नामित उड़न दस्ता सदस्यगण:

डॉ. नीरज शुक्ल, कुलानुशासक

डॉ. नीलम मिश्रा, उप कुलानुशासक

डॉ. बुरहान अल्वी, सहायक कुलानुशासक

डॉ. घनश्याम सिंह, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग

डॉ. राजकुमार सिंह, सहायक आचार्य अर्घ्यशास्त्र, इतिहास विभाग

कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मनियंत्रण और मानसिक सुदृढ़ता की कसौटी भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से संयम, ईमानदारी और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के दौरान निष्पक्षता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक केंद्र पर निगरानी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सशक्त किया है। सभी छात्रों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रवेश पत्र (Admit Card) और वैध पहचान पत्र के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करें।

डॉ. भावना मिश्रा ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर उनका पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

**भाषा विश्वविद्यालय में "Yoga for One Earth, One Health" थीम पर बीएमआई कैम्प का आयोजन।**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अंतर्गत एक माह तक चलने वाले योग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

महोत्सव के प्रथम चरण में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए 'बीएमआई कैंप एवं गाइडेंस सत्र' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का बॉडी मास इंडेक्स (BMI) जांचा गया एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता आज के समय की अनिवार्यता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं तथा गृह विज्ञान विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फातमा ने कुलपति महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि विभाग आगे भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

'बीएमआई कैंप' की सफलता में विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. ज़ैनब मौलाई, डॉ. कीर्तिमा सचान, डॉ. कल्पना देवी एवं छात्राओं व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

Date: 17/05/25

**भाषा विश्वविद्यालय में NAAC निरीक्षण की तैयारियों का राजभवन टीम ने लिया जायजा**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में नैक (NAAC) मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर राजभवन से आई टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का औपचारिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं आधारभूत संरचना का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने किया। टीम में शामिल विशिष्ट शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक भवनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल परिसर एवं प्रशासनिक अनुभागों का गहन अवलोकन किया।

इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि यह निरीक्षण न केवल नैक मूल्यांकन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि संस्थान की सतत गुणवत्ता संवर्धन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। उन्होंने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, शैक्षणिक नवाचारों एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा की।

निरीक्षण के दौरान ही लाइव स्टीमिंग की टीम के द्वारा भी लिंक्स की टेस्टिंग की गई ।

निरीक्षण के दौरान दल ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर संस्थान के कार्यप्रणाली की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की। कुलपति प्रो. तनेजा ने आशा व्यक्त की कि इस निरीक्षण से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी श्री साजिद आज़मी, प्रो सैयद हैदर अली, डॉ. राजकुमार, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार ने इस महत्वपूर्ण अवसर को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

**भाषा विश्वविद्यालय में "Yoga for One Earth, One Health" थीम पर योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अंतर्गत एक माह तक चलने वाले योग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

महोत्सव के प्रथम चरण में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए 'बीएमआई कैंप एवं गाइडेंस सत्र' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का बॉडी मास इंडेक्स (BMI) जांचा गया एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता आज के समय की अनिवार्यता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं तथा गृह विज्ञान विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फातमा ने कुलपति महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि विभाग आगे भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

'बीएमआई कैंप' की सफलता में विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. ज़ैनब मौलाई, डॉ. कीर्तिमा सचान, डॉ. कल्पना देवी एवं छात्राओं व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

**भाषा विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार – डॉक्टर और नर्स की तैनाती, कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रयासों से विद्यार्थियों में हर्ष और आभार**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में छात्र-कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक नई पहल की गई है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन और प्रयासों से विश्वविद्यालय के फैसिलिटी सेंटर में हिन्द मेडिकल कॉलेज की ओर से एक डॉक्टर और एक नर्स की नियमित तैनाती सुनिश्चित की गई है।

यह चिकित्सा सुविधा प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क दवाईयां भी वितरित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण की ज़रूरतों की बेहतर देखभाल हो सकेगी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा "छात्रों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उनकी अकादमिक प्रगति। यह पहल इसी सोच का हिस्सा है, जिससे छात्रों को एक सुरक्षित और स्वास्थ्य-संपन्न वातावरण मिल सके।"

इस छात्र हित पहल के प्रति विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम उनकी भलाई और देखभाल के प्रति विश्वविद्यालय के प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को दर्शाता है। विश्वविद्यालय परिसर में डॉक्टर और नर्स की उपस्थिति से उन्हें अत्यंत राहत और सुरक्षा की अनुभूति होगी।

यह पहल विश्वविद्यालय को एक छात्र-केंद्रित, सशक्त और संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान के रूप में और भी सुदृढ़ बनाती है।

**Date: 16/05/25**

**भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 17 मई तक बढ़ी**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने सत्र 2024–25 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार अब छात्र-छात्राएं 17 मई 2025 तक अपना नियमित/बैक पेपर परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं।

पूर्व में परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 मई 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे अब माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन के पश्चात छात्रों के हित में दो दिन के लिए विस्तारित कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि 17 मई 2025 के पश्चात परीक्षा फॉर्म पोर्टल पर उपलब्ध नहीं रहेगा। इस तिथि के बाद किसी भी छात्र-छात्रा को परीक्षा में बैठने की …

**करियर मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय के बीच मौजूदा MOU में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को किया गया शामिल**

करियर मेडिकल कॉलेज और ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीच पूर्व में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MOU) में अब एक और महत्वपूर्ण आयाम जोड़ते हुए करियर मेडिकल कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बने भव्य क्रिकेट स्टेडियम को विश्वविद्यालय के छात्रों के उपयोग के लिए शामिल कर लिया गया है।

इस ऐतिहासिक समझौते के तहत अब विश्वविद्यालय के विद्यार्थी करियर मेडिकल कॉलेज के इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में विभिन्न खेल गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि खेलों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपस्थिति को भी मज़बूत करेगी।

इस अवसर पर करियर मेडिकल कॉलेज की ओर से चेयरमैन डॉ. अजमत अली और भाषा विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा स्वयं उपस्थित रहे।

प्रो. अजय तनेजा ने कहा, "खेल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास का अहम हिस्सा हैं। इस स्टेडियम की सुविधा मिलने से हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं की तैयारी बेहतर ढंग से कर सकेंगे। यह साझेदारी छात्रों के लिए सुनहरा अवसर साबित होगी।"

प्रो. तनेजा की दूरदर्शिता और नेतृत्व की सराहना की गई, जिन्होंने इस समझौते को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री साजिद आज़मी और श्री मोहसिन हैदर रिज़वी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस समझौते के क्रियान्वयन में अहम योगदान दिया।

यह पहल शिक्षा और खेल के समन्वय की दिशा में एक सशक्त कदम है और छात्रों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**भाषा विवि में होगा निःशुल्क बॉडी मास इंडेक्स (BMI) कैंप का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कल दिनांक 17 मई को एक निःशुल्क बॉडी मास इंडेक्स (Body Mass Index - BMI) कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप माननीय कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में, विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।कैम्प का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अजय कुमार तनेजा के दिशा निर्देशन में किया जाएगा।

इस कैंप का उद्घाटन, मुख्य अतिथि प्रो. संजीव कुमार, कुलपति, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ द्वारा किया जायेगा।

कैंप के दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत् सभी वर्गों की BMI जांच की जाएगी तथा उन्हें डायट काउंसलिंग भी प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

इस कार्यक्रम की संयोजक गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. तहीर फात्मा हैं। कार्यक्रम के आयोजन में विभाग के शिक्षकगण एवं छात्राएं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

Date: 15/05/25

**कुलपति प्रो. ए.के. तनेजा ने किया पुरुष छात्रावास का औचक निरीक्षण**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर अजय कुमार तनेजा ने आज विश्वविद्यालय के पुरुष छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर की साफ़-सफ़ाई, समग्र व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता का गहनता से जायज़ा लिया।

इस दौरान कुलपति महोदय ने छात्रों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनके साथ भोजन ग्रहण कर खाने की गुणवत्ता की स्वंय जांच की। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को लेकर मेस इंचार्ज को आवश्यक हिदायतें दीं और निर्देश दिया कि भोजन ताजगी, पौष्टिकता और स्वाद में किसी भी प्रकार की कमी न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मेस की रसोई में साफ़-सफ़ाई और स्वच्छता के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए।

कुलपति महोदय की सादगी, संवेदनशीलता और छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता ने छात्रों और कर्मचारियों के बीच गहरी छाप छोड़ी। उनके इस व्यवहार की छात्रों ने विशेष रूप से प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

कुलगुरु प्रो. तनेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन पारदर्शिता, अनुशासन और छात्र कल्याण की दिशा में लगातार सक्रिय है।

Date: 13/05/25

**विश्वविद्यालय परिसर में पेड़ों को मिला नया डिजिटल पहचानपत्र – क्यूआर कोड से जानिए हर पेड़ की कहानी**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परिसर में अब हर पेड़ को मिलेगी एक खास डिजिटल पहचान। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर के सभी पेड़ों पर क्यूआर कोड (QR Code) लगाए हैं, जिससे विद्यार्थी , शिक्षक व आगंतुक अब हर पेड़ से जुड़ी जानकारी को अपने मोबाइल फोन से एक स्कैन में प्राप्त कर सकेंगे।

यह नवाचार माननीय कुलगुरु प्रो. अजय तनेजा के कुशल मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है। परियोजना का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, जैव विविधता की जानकारी बढ़ाना और विश्वविद्यालय परिसर की हरित धरोहर का डिजिटल दस्तावेजीकरण करना है।

इस अभिनव पहल को डॉ. सुमन, डॉ दिगेश और डॉ. शालिनी जैसे समर्पित शिक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। डॉ. शालिनी ने विशेष रूप से पेड़ों की पहचान में अहम योगदान दिया। वहीं, शुभम रस्तोगी और नैंसी द्वारा भी सहयोग दिया गया। डॉ दिगेश ने तकनीकी समन्वय और डेटा डिजिटाइजेशन में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस टीम ने पेड़ों की वैज्ञानिक जानकारी, प्रजाति, आयु, औषधीय गुण, स्थानीय नाम व पर्यावरणीय महत्व जैसी जानकारियों को एकत्र कर डिजिटल प्रारूप में तैयार किया, जिसे अब क्यूआर कोड स्कैन कर सरलता से देखा जा सकता है।

इस अवसर पर कुलगुरु, प्रो. अजय तनेजा ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा, "यह पहल छात्रों को प्रकृति से जोड़ने और डिजिटल तकनीक के सकारात्मक उपयोग की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। हमारा उद्देश्य एक हरित और स्मार्ट कैंपस का निर्माण करना है।"

यह परियोजना विश्वविद्यालय को स्मार्ट और पर्यावरण-संवेदनशील संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त पहल मानी जा रही है।

इस अवसर पर अंकित, मोहसिन, क़ायम एवं शमीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

Date:12/05/25

**भाषा विवि में हुआ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्विद्यालय में छात्रों और शिक्षक के दरमियान हुआ संपर्क कार्यक्रम।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में नशा - मुक्ति जागरूकता अभियान के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन हुआ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मुर्तजा अली अतहर, नोडल ऑफिसर ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित विद्यार्थियों को करते हुए कहा कि आपको नशा और मादक पदार्थों से बचना चाहिए। जिससे हम सब मिलकर एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकें। जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए डॉ. आरिफ़ अब्बास, सदस्य, एंटी एडिक्शन ने कहा कि आज के विद्यार्थी कल का भविष्य है। इस भविष्य के आधार पर ही समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान ने कहा कि नशा- मुक्ति के संदर्भ में छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन फ़ारसी विभाग की प्रोगशाला में हुआ। नशा मुक्ति जागरूकता के लिए छात्रों एवं शिक्षकों की सामूहिक कमेटी का भी गठन किया गया।नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

Date:11/05/25

**भाषा विश्वविद्यालय : NAAC की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विभागों के प्रस्तुतिकरण का लिया जायज़ा**

लखनऊ, 11 मई 2025 — ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक (NAAC) मूल्यांकन की तैयारियों के अंतर्गत आज कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा विभिन्न विभागों के प्रस्तुतिकरणों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक स्तर पर चल रही तैयारियों की सराहना करते हुए कुलगुरु प्रो. तनेजा ने सभी संकाय सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रो. तनेजा ने अपने संबोधन में कहा कि "NAAC मूल्यांकन न केवल एक प्रक्रिया है, बल्कि यह संस्थान की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता की पहचान भी है। सभी विभागों ने जो कार्य प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है और यह विश्वविद्यालय की प्रगति का स्पष्ट संकेत है।"

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की NAAC समन्वयक प्रो. सौबान सईद, प्रो. चंदाना डे और प्रो! सैयद हैदर अली सहित कई वरिष्ठ प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अधिकारियों और शिक्षकों ने कुलपति महोदय के मार्गदर्शन को प्रेरणास्रोत बताया और मूल्यांकन प्रक्रिया में और बेहतर कार्य की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम का उद्देश्य विभागीय स्तर पर चल रही तैयारियों की समीक्षा करना और उन्हें और अधिक सशक्त बनाना था, जिससे विश्वविद्यालय को उच्च ग्रेड की प्राप्ति में सहायता मिल सके।

**Date: 10/05/25**

**उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भाषा विवि को मिली एम्बुलेंस**

ख़्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के अथक प्रयासों का परिणाम है।

चिकित्सा एम्बुलेंस छात्रों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोफेसर अजय तनेजा ने सरकार से विशेष अनुरोध किया था, जिसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय को एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस गिफ्ट की है। यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस अवसर पर सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा, "यह एम्बुलेंस न केवल आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी, बल्कि यह विश्वविद्यालय के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

भविष्य में भी विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों एवं कर्मचारियों के हित में इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा।

इस अवसर पर डॉ राजकुमार सिंह, डॉ मनीष कुमार, डॉ कौशलेंद्र, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ नलिनी मिश्र एवं डॉ बुशरा अलवेरा उपस्थित रहे ।

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में फार्मेसी के स्कोप पर एमिनेंट लेक्चर का आयोजन**

**लखनऊ।**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फार्मेसी संकाय द्वारा माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के कुशल मार्गदर्शन में एक एमिनेंट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीडीआरआई), लखनऊ के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. मनीष कुमार चौरसिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

अपने व्याख्यान में डॉ. चौरसिया ने विद्यार्थियों को फार्मेसी के क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसरों और करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि फार्मेसी एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ दवाइयों की जानकारी, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। जो विद्यार्थी रिसर्च और मेडिसिन के क्षेत्र में रुचि रखते हैं, उनके लिए यह एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है।

उन्होंने आगे बताया कि फार्मेसी कोर्स के उपरांत विद्यार्थी लैब असिस्टेंट, फार्मासिस्ट, केमिस्ट, प्रोडक्शन या मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, रिसर्च ऑफिसर, ड्रग इंस्पेक्टर जैसे विभिन्न पदों पर कार्य कर सकते हैं। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ कई नवाचार और शोध की संभावनाएं भी इस क्षेत्र में उपलब्ध हैं, जहाँ अच्छा वेतनमान भी मिलता है।

कार्यक्रम के अंत में फार्मेसी संकाय की निदेशिका प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने डॉ. मनीष कुमार चौरसिया को अपने बहुमूल्य समय एवं ज्ञान साझा करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

**Date: 08/05/25**

**भाषा विवि में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में जूनियर्स छात्रों ने सीनियर्स छात्रों विदाई समारोह का आयोजन किया गया | विदाई समारोह में जूनियर्स छात्रों ने अपने सीनियर्स को गुलाब देकर स्वागत किया साथ ही जूनियर तथा सीनियर दोनों ही मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की | कार्यक्रम में बोलते हुए डीन वाणिज्य संकाय प्रो सैय्यद हैदर अली ने कहा आपकी सफलता की अभी शुरुआत है आप अपने लक्ष्य को अडिग रहने दें| वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने छात्रों को सफलता का मन्त्र बताते हुये कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो उसी को देखो और उसी को स्वपन बना लो | डॉ नीरज शुक्ल कहा आपको कभी भी हम लोगो की जरूरत महसूस हो हम आपको अपने सभी शिक्षकों की ओर से विश्वास दिलाते है हम आपके साथ चौबीस घंटे आपके साथ खडे होंगे | कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष कुमार ने कहा सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता सफलता लगातार मेहनत से प्राप्त होती हैं | डॉ ज़ैबुन निसा ने सभी को उज्जवल भविष्य की कामना दीं| डॉ अनुभव तिवारी ने कहा कि छात्रों को अपना अधिक समय सीखने पर लगाना चाहिए| कार्यक्रम में दीपांशु को मिस्टर फेयरवेल तथा महजबी को मिस फेयरवल चुना गया | मिस्टर ऑल राउंडर से अंकुश गुप्ता को तथा नमरा रफत को मिस ऑल राउंडर से नवाज़ा गया। बेस्ट आउटफिट के लिये उमर और नून को नवाज़ा गया। फ़िरोज़ और मनतशा को रनर अप का खिताब दिया गया| कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अदिति सिंह और निसा ने और धन्यवाद ज्ञापन दीपांशु ने किया।

Date: 06/05/25

**भाषा विवि में हुआ थायराइड शिविर का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय और एबट मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के सहयोग से विश्वविद्यालय मे निःशुल्क थायराइड जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उदघाटन माननीय कुलपति महोदय प्रो. अजय तनेजा द्वारा किया गया। थायराइड शिविर में 103 ब्लड सैंपल थायराइड जांच के लिए एकत्र किए गये जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, विद्यार्थियों के अभिभावक,आचार्य एवं कर्मचारी शामिल हुए।

भेषजी संकाय की निदेशिका प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में थायराइड की सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं में देखने को मिल रही है इसके दृष्टिगत स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य थायरॉइड के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था एवं भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस शिविर के सफल आयोजन में फार्मेसी संकाय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**Date: 04/05/25**

***सफलता की कुंजी में लगातार प्रयास जरूरी***

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग में पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के पूर्व छात्रों ने विभाग में आकर अपने सहपाठियों से मुलाकात की और मधुर यादों को साझा किया।

मीडिया क्षेत्र से जुड़े पूर्व छात्रों ने अपने व्यावसायिक अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए बताया कि छात्र जीवन में सीखी गई बातें आज उनके पेशेवर जीवन की नींव हैं। भारत समाचार चैनल में कार्यरत पूर्व छात्र अर्सलान ने कहा, “छात्र जीवन में जो कुछ भी सीखा, वही अब सार्वजनिक जीवन में काम आ रहा है।”

पूर्व छात्र वैभव ने भावुक होते हुए कहा, “जब भी जीवन में कठिन समय आता है, तो सबसे पहले विभाग की याद आती है।” सभी पूर्व छात्रों ने विभाग की इंचार्ज डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कही गई एक-एक बात आज भी प्रेरणा देती है।

छात्र राहुल ने डॉ. काज़िम रिज़वी को धन्यवाद देते हुए कहा, “आपकी डांट ने कई छात्रों का भविष्य संवारा है।” इस अवसर पर उपस्थित छात्रों ने डॉ. शचींद्र शेखर से मार्गदर्शन का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने कहा कि आने वाला समय नई तकनीकों विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। “हमें इस तकनीक को समझते हुए उससे तालमेल बिठाना होगा, तभी हम उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं,” उन्होंने कहा।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्रों ने भाग लिया और अपने अनुभवों के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की रणनीति भी साझा की। विभाग के पूर्व शोध छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

एल्यूमनी मीट का संयोजन डॉ. नसीब ने किया। कार्यक्रम में विषय प्रभारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. काज़िम रिज़वी, डॉ. नसीब और मोहसिन हैदर ने सभी छात्रों का स्वागत किया और उनके सफल व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**Date: 03/05/25**

**भाषा विश्वविद्यालय परिसर में 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक (NAAC) मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ हुआ। यह अभियान माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

उद्बोधन के उपरांत कुलपति महोदय ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया।

डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि "स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date: 02/05/25**

**भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में विदाई समारोह आयोजित**

लखनऊ, 2 मई, 2025: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एम.ए अंतिम वर्ष और बी.ए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर फखरे आलम ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में एम.ए और बी.ए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया जीवन भर चलती रहती है और ज्ञानवान विद्यार्थी वह होता है जो न केवल इस प्रक्रिया को बनाए रखता है बल्कि जीवन के विभिन्न कालखंडों और चरणों की आवश्यकताओं के अनुरूप इसका समुचित उपयोग भी करता है। प्रोफेसर फखरे आलम ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में कोई न कोई ऐसी क्षमता होती है जो उसे विशिष्ट बनाती है और शिक्षा व्यक्ति को इस विशिष्टता को खोजने तथा जीवन में सफलता के मानक स्थापित करने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करने की जागरूकता प्रदान करती है। उन्होंने अपने भाषण में विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की तथा यह भी कहा कि आपकी परीक्षा का दिन नजदीक आ रहा है, इसलिए आप सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी तथा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करनी होगी और मैं आशा करता हूं कि आप न केवल अपनी परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे बल्कि महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे तथा साथ ही समाज निर्माण तथा देश के कल्याण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर डॉ. मुहम्मद अकमल ने एम.ए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि अब हम अपने शैक्षणिक जीवन के उस चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहां उचित निर्णयों की आवश्यकता है क्योंकि यह भविष्योन्मुखी निर्णय न केवल आपके करियर की राह निर्धारित करता है बल्कि व्यावहारिक जीवन की समस्याओं का भी समाधान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि यहां से जाने वाले छात्र जहां भी जाएंगे, अपने अच्छे कार्यों से संस्थान का नाम रोशन करेंगे। डॉ. मुहम्मद अकमल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी विद्यार्थी हमारे विभाग के राजदूत हैं और मुझे आशा है कि आप जहां भी जाएंगे, यहां से प्राप्त ज्ञान और प्रशिक्षण के प्रकाश से उसे रोशन करेंगे। डॉ. आजम ने एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में एमए और बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय

के उर्दू विभाग में अपने अनुभव बताते हुए कहा कि यहां बिताया गया समय उनके जीवन में एक बहुत ही मूल्यवान निवेश था, जो उन्हें जीवन भर समृद्धि की भावना से ओतप्रोत रखेगा। इन विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि यहां के शिक्षकों से उन्हें भाषा और साहित्य की जो समझ मिली है, उससे उन्हें जीवन का ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एमए डिग्री के अंतिम वर्ष के छात्रों ने विश्वविद्यालय और उर्दू विभाग के शिक्षकों को उनके प्यार और करुणा के लिए धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर प्रोत्साहित किया और ज्ञान प्राप्ति के चरणों को पूरा करने में उनका मार्गदर्शन किया। बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अपने अनुभव बताते हुए कहा कि यहां हमें जो शैक्षणिक वातावरण मिला है, उसे हम जीवन भर नहीं भूल पाएंगे। यहां आकर हमें भाषा और साहित्य की बारीकियों को जानने और समझने का अवसर मिला। इस विदाई समारोह में रशीदा खातून ने सभी शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि यह हम सभी के लिए भावुक क्षण है और हर कोई इस क्षण को अपनी यादों में कैद करना चाहेगा। इस समारोह में नदीम अख्तर, मुहम्मद साकिब, मुहम्मद अहमद, मुहम्मद अलाउद्दीन (बी.ए प्रथम वर्ष), अंदा परवीन, मेह जबीन और मुहम्मद शाहबाज (बीए अंतिम वर्ष), अब्दुल कादिर (एमए अंतिम वर्ष), औन मुहम्मद और हसन अकबर (शोध विद्वान) ने ग़ज़ल और कविताएं सुनाईं। इसके अलावा इस समारोह में बैतबाजी, कव्वाली और भाषण भी पेश किए गए, जिससे यह विदाई समारोह रंगारंग रहा। इसका निर्देशन सलमान साजिद ने किया तथा अब्दुल्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस विदाई समारोह में डॉ. आज़म अंसारी, डॉ. मुर्तज़ा अतहर, डॉ. ज़फरून नकी, डॉ. मुनव्वर हुसैन, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप और डॉ. मूसी रजा मौजूद रहे।

**Date: 01/05/25**

**भाषा विवि में हुआ 'मुझे चुनौतियों पसंद हैं' पुस्तक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में मुझे चुनौतियों पसंद हैं पुस्तक के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में किया गया।

जैसा कि विदित है उत्तर प्रदेश की राज्यपाल माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की पुस्तक का विमोचन अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें निर्देश के क्रम में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के अटल सभागार में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया।

मुझे चुनौतियां पसंद हैं पुस्तक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री का भी सजीव प्रसारण हुआ। उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, आदरणीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के जीवन वृतांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का विमोचन भारत गणराज्य के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर कमलों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी एवं अन्य महानुभावों की गरिमामई उपस्थिति में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में हुआ। विमोचन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित सभी मंत्री, अधिकारी और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान प्रो. मसूद आलम, प्रो. चन्दना डे, प्रो. एहतेशाम, प्रो. तनवीर, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी, उपकुलसचिव मो. साहिल डॉ. मुर्तजा अली, डॉ. सुमन मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।